हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 13 मार्च 2026

12 नालों में कचरे की स्थिति देख एसएसओ ने जताई नाराजगी



12 जल संरक्षण आधारित कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना जरूरी: प्रो. काम्बोज



## खबर संक्षेप

### मोबाइल फोन व नकदी चोरी करने वाले दो काबू

**हिसार।** शहर पुलिस ने मोबाइल फोन व नकदी चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच अधिकारी एएसआई कांता रानी के अनुसार इस संबंध में सेक्टर 14 निवासी अंकुश सचदेवा ने शहर थाना में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह अपने परिवार के साथ राजगुरु मार्केट में खरीदारी करने गया हुआ था। इसी दौरान दुकान नंबर 124 के सामने से एक अज्ञात व्यक्ति उसका बैग छीनकर फरार हो गया।

### 29 बेसहारा पशुओं को भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि नगर निगम की टीम ने कैमेरी रोड, सेक्टर-33, सेक्टर 14, ऋषि नगर, सेक्टर 1-4, पुरानी सब्जी मण्डी, दिल्ली रोड, मिलगेट, महाबीर कॉलोनी क्षेत्र से 29 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गौ-अभ्यारण भेज दिया गया है।

### सेक्टर 9-11 मोड़ पर सड़क का लेवल करवाया ठीक

**हिसार।** नगर निगम की ओर से शहर में सड़कों की स्थिति सुधारने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में सेक्टर 9-11 मोड़ पर सड़क का लेवल ठीक न होने की सूचना मिलने पर निगम ने तुरंत कार्रवाई की। कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी ने बताया कि सड़क का स्तर ठीक न होने की शिकायत मिलने के बाद मौके पर निरीक्षण कराया गया और संबंधित एजेंसी को तुरंत इसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद सड़क के लेवल को सही करवाया गया और वहां बने गड्ढे को भी भरकर ठीक कर दिया गया।

### गुजवि में रजत जयंती एवं एलुमनाई मीट कल

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग में गौरव, परंपरा और उपलब्धियों का ऐतिहासिक संगम देखने को मिलेगा। विभाग की ओर से 14 मार्च को प्रथम बैच (1996-2000) की रजत जयंती समारोह एवं एलुमनाई मीट-2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की संयोजक विभागाध्यक्षा डॉ. वंदना तथा आयोजन सचिव डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि इस विशेष अवसर पर विभाग अपने प्रथम बैच (1996-2000) के विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा, जिन्होंने अपने 25 वर्षों के पेशेवर जीवन में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर विभाग और विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

### भीम आर्मी की प्रदेश स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक संपन्न

**हिसार।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन हरियाणा के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कमल कुमार बराड़ा ने की। इस दौरान संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने, सामाजिक न्याय की लड़ाई को तेज करने तथा दलित, पिछडे , अल्पसंख्यक, किसान और वंचित समाज के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने पर विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कमल कुमार बराड़ा ने कहा कि भीम आर्मी सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत है। इस मौके पर राकेश गोल्डी वाल्मीकि, पार्षद नकुल, एडवोकेट संतलाल अंबेडकर, संदीप, शेखर रंगा, अनीता देवी, जुगनू मेहरा, सोमबीर भोरिया, रामदिया प्रजापति, नवीन थाना, धर्मपाल बक्शी, भीम सेन आदि रहे।



हिसार। मिलगेट एरिया में रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की लंबी कतार।

# किल्लत की आशंका में लगने लगी गैस एजेंसियों पर कतारें

- तंग आकर कैमरी रोड पर गैस एजेंसी स्टाफ ताला मारकर हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे तनाव के चलते गैस किल्लत की आशंका ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। सुबह से ही गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लाइनें लगनी शुरू हो जाती है। उधर, प्रशासन का कहना है कि नागरिक संयम बरतें और भयभीत न हो, गैस सप्लाई सुचारू रहेगी।

प्रशासन की ओर से स्थिति को सामान्य रखने व कालाबाजारी रोकने के लिए 6 टीमें गठित की गई है, जो विभिन्न क्षेत्रों में जांच पड़ताल व छापेमारी कर रही है। गैस किल्लत की आशंका के चलते उपभोक्ता सुबह से ही गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लगी रहीं। उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती संख्या से परेशान कैमरी रोड स्थित एक गैस एजेंसी का स्टाफ एजेंसी पर ताला डालकर फरार हो गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एलपीजी, पेट्रोल व डीजल की सप्लाई पर प्रशासन की कड़ी नजर है। जमाखोरी व ओवरचार्जिंग पर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि ज़िले में एलपीजी, पेट्रोल व डीज़ल की सप्लाई पर प्रशासन की कड़ी नज़र है। इस संबंध में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग सहित संबंधित विभागों की टीमें गठित कर दी गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घरेलू एलपीजी का अन्य कार्यों के लिए दुरुपयोग न हो और गैस एजेंसियों द्वारा डबल स्टॉकिंग या अधिक कीमत वसूलने जैसी गतिविधियां किसी भी सूरत में न हों। डीसी ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों से संबंधित शिकायतों के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-180-2087 भी जारी किया गया है।

### जमाखोरी और ओवरचार्जिंग पर होगी कार्रवाई: नरवाल

**हांसी।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा है कि ज़िले में एलपीजी, पेट्रोल व डीजल की सप्लाई पर प्रशासन की कड़ी नजर है। इस संबंध में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग सहित संबंधित विभागों की टीमें गठित कर दी गई है। वर्तमान में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घरेलू एलपीजी का अन्य कार्यों के लिए दुरुपयोग न हो और गैस एजेंसियों द्वारा डबल स्टॉकिंग या अधिक कीमत वसूलने जैसी गतिविधियां किसी भी सूरत में न हों। साथ ही उपभोक्ताओं को भी किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और निर्धारित मानकों के अनुसार एलपीजी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की सलाह दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि सभी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को जिला प्रशासन को प्रतिदिन एलपीजी स्टॉक और सप्लाई की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्थान पर जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिलती है तो आवश्यक वस्तु अधिनियम और एलपीजी सप्लाई व वितरण आदेश 2000 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विधवा वृद्धा से 10 हजार रुपयों से भरा पर्स छीनकर भागा युवक

# हांसी में दिनदहाड़े झपट्टमारी

पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद



हांसी। वारदात के बाद बुजुर्ग महिला के साथ गली में एकत्रित कॉलोनी के लोग।

**पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

आर्य कॉलोनी में दिनदहाड़े एक बुजुर्ग महिला के हाथ से रुपयों से भरा पर्स छीन लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच पीड़ित महिला के बयान दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर आरोपी युवक की तलाश आरंभ कर दी है। घटना गुरुवार दोपहर करीब एक बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार आर्य नगर निवासी 65 वर्षीय मूर्ति देवी गुरुवार दोपहर बैंक से अपनी विधवा पेंशन के रुपये निकालकर घर लौट रही थीं। उन्होंने घर के लिए राशन का सामान भी खरीदा हुआ था। जैसे ही वह भाटिया कुटिया के पास पहुंची तो पीछे से आए एक युवक ने उसके हाथ से पर्स झपट लिया। युवक द्वारा झपटा मारकर पर्स छीन लिए जाने पर बुजुर्ग महिला ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और युवक का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी कालोनी की गलियों से होते हुए खेतों की तरफ फरार हो गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, वह उनकी नजरों से ओझल हो चुका था।

घटना की सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि महिला अपने घर की ओर जा रही थी और इसी दौरान पीछे से आए युवक ने उनका पर्स छीन लिया, जिससे उनका सामान भी सड़क पर बिखर गया। रिहायशी कॉलोनी में दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद स्थानीय लोगों में रोष और गुस्से का माहौल है। कॉलोनी निवासी युद्धवीर ने बताया कि इस तरह गली में दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला से पर्स छीनकर भागना बेहद निंदनीय है और इससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। वहीं पीड़ित महिला मूर्ति देवी ने बताया कि उनके पति का देहांत हो चुका है और वह अपनी बेटी के बच्चों की भी देखभाल कर रही हैं।

**नशे की पूर्ति के लिए साथी के साथ लोगों को लूटती थी महिला**



हिसार। पकड़ी गई महिला व उसका साथी।

### बैक टू बैक स्नैचिंग करने वाले आरोपियों को सीआईए वन व पीएलए चौकी ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सीआईए वन टीम ने स्नैचिंग की लगातार दो घटनाएं करने के मामले में एक महिला और उसके मित्र को 24 घंटे से भी कम समय में पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हांसी के चार कुतुब गेट पर रह रही धोला कुआं निवासी अंजली व हिसार के आजाद नगर निवासी नितेश शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि वह और उसका मित्र पिछले कुछ समय से नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए अपने साथी के साथ मिलकर राह चलते लोगों को बहाने से रोककर उनका सामान छीनने की वारदात करती थी।

#### पहले लिफ्ट ली, फिर छेड़छाड़ का आरोप लगा की स्नैचिंग

लेकर स्नैचिंग की पहली घटना शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कैंप चौक पर हुई, जहां एक बुजुर्ग व्यक्ति स्कूटी पर सवार होकर अपने गंतव्य की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक महिला ने तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर लिफ्ट लेने के लिए स्कूटी सवार बुजुर्ग को रुकवाया। कुछ दूरी पर जाने के बाद महिला ने स्कूटी रुकवा ली और बुजुर्ग व्यक्ति पर छेड़छाड़ के आरोप लगाने लगी। आरोप लगाकर महिला ने उसे डराया-धमकाया और मौका पाकर बुजुर्ग का बैग जिसमें नकदी व जरूरी दस्तावेज थे, छीनकर मौके से फरार हो गई।

#### बैंक कॉलोनी में की दूसरी वारदात

दूसरी वारदात अर्बन एस्टेट थाना क्षेत्र की बैंक कॉलोनी में हुई, जहां उसी महिला द्वारा स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया गया। मामले की सूचना मिलते ही संबंधित सीआईए वन स्टाफ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी महिला व उसके मित्र की पहचान कर उसे काबू कर लिया।

#### यह है वारदात करने का तरीका

पुलिस द्वारा पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महिला राह चलते लोगों से लिफ्ट लेने के बहाने स्कूटी/मोटरसाइकिल पर बैठ जाती थी। थोड़ी दूरी पर पहुंचकर वह वाहन रुकवाती और वाहन चालक पर छेड़छाड़ के झूठे आरोप लगाने की धमकी देकर उन्हें डराती-धमकाती थी। इसी दौरान वह मौका पाकर उनके पास से नकदी व अन्य सामान स्नैच कर लेती थी। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि वारदात के समय उसका एक साथी कुछ दूरी पर मौजूद रहता था। महिला द्वारा सामान छीने जाने के बाद वह अपने साथी के साथ मौके से फरार हो जाती थी।

#### सीसीटीवी कैमरों की जांच में मिली सफलता

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई और संदिग्धों की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि उक्त महिला आरोपी अपने साथी के साथ बरवाला चुंगी, नजदीक न्यू पुलिस लाइन में तीसरी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में गश्त बढ़ाई और संदिग्ध गतिविधि के आधार पर महिला आरोपी व उसके साथी को काबू कर लिया।

*कुछ समय पहले हो गई थी पत्नी की मौत*

## खरबला गांव में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

बास थाना क्षेत्र के खरबला गांव में 29 वर्षीय युवक कुलदीप ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही बास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप गुरुवार को ने अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने जब उसे कमरे में फंदे पर लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचित किया। बास थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को भी मौके पर बुलाया।

एफएसएल टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए और जांच की। इसके बाद पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। कुलदीप राज मिस्त्री का काम करता था और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी पत्नी मोहिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। वह अपनी दो छोटी बेटियों, सात वर्षीय मानवी और तीन वर्षीय इनाया, के साथ रह रहा था। पिता की मौत के बाद दोनों बेटियों के सामने अब देखभाल का प्रश्न खड़ा हो गया है। फिलहाल, कुलदीप की आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

#### शव को भेजा नागरिक अस्पताल

बास थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया है और एफएसएल टीम से भी जांच करवाई गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल पाएगा।

## कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने का आरोपी दोषी करार, एक बरी

- अदालत 16 मार्च को सुनाएगी दोषी को सजा

*हिसार। अदालत ने हिसार के शांति नगर स्थित गोशाला में कुल्हाड़ी मारकर 40 वर्षीय योगेश उर्फ सोनू की हत्या करने के मामले में जींद निवासी आरोपी कपिल उर्फ जितेंद्र को दोषी करार दिया है। अदालत उसे 16 मार्च को फैसला सुनाएगी। अदालत ने गुरुवार को सुनाए अपने फैसले में आरोपी अमन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। अदालत में चले मामले के अनुसार एचटीएम थाना पुलिस ने 22 अप्रैल 2023 को शिकायत के आधार पर हत्या का केस दर्ज किया था। राजीव नगर हाल किरायेदार देव वाटिका निवासी राजकुमार ने पुलिस को बताया था कि उसका बड़ा बेटा 40 वर्षीय योगेश उर्फ सोनू करीब चार साल से श्री श्याम भगवान कृष्ण कपिल गोशाला शांति नगर में चौकीदार करता था। उसके साथ दो अन्य लड़के राजीव नगर निवासी अमन व जीन्द निवासी कपिल उर्फ जितेंद्र भी गौशाला में रहते थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि 22 अप्रैल 2023 को उसे सूचना मिली कि बेटे योगेश उर्फ सोनू की हत्या कर दी है। इस पर वह गोशाला मे अपने परिवार सहित पहुंचा तो देखा कि गेट के पास काफी खून पड़ा है और एक कुल्हाडी पड़ी है। बेटे के सिर में चोट लगने से काफी खून निकला हुआ था। अमन व कपिल उर्फ़ जितेंद्र भी मौके से गायब थे। इसके बाद शक हुआ कि बेटे योगेश की रात्रि को अमन व कपिल ने कुल्हड़ी मारकर हत्या की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। इसी मामले में अदालत ने आरोपी कपिल उर्फ जितेन्द्र को दोषी करार दिया।*

## कैबिनेट मंत्री गंगवा, विधायक सावित्री जिंदल ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# हिसार से इंदौर के लिए पहली सुपरफास्ट एक्सप्रेस रवाना

- हिसार से इंदौर और दिल्ली के लिए रेल सफर हुआ आसान : रणबीर गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार से इंदौर के लिए पहली सुपरफास्ट एक्सप्रेस गुरुवार को यहां से रवाना हुई। ट्रेन को प्रदेश के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा व हिसार से विधायक सावित्री जिंदल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नई ट्रेन सेवा शुरू होने से हिसार और आसपास के जिलों के यात्रियों को मध्यप्रदेश के इंदौर तक सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

बता दें कि गाड़ी संख्या 20957/20958 इंदौर-नई दिल्ली-इंदौर रेल सेवा को हिसार स्टेशन तक विस्तार किया गया है। गाड़ी संख्या 20957 इंदौर-हिसार सुपरफास्ट इंदौर से शाम 4.45 बजे हिसार के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन बुधवार, शुक्रवार और रविवार को इंदौर से चलेगी और अगले दिन गुरुवार, शनिवार और सोमवार को सुबह 9.20 बजे हिसार पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 20958 हिसार-इंदौर सुपरफास्ट हिसार से दोपहर 1.20 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन गुरुवार, शनिवार और सोमवार को हिसार से इंदौर के लिए चलेगी और अगले दिन यानी शुक्रवार, रविवार और मंगलवार सुबह 6.45 बजे इंदौर पहुंचेगी।



हिसार। हिसार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक सावित्री जिंदल व अन्य।

#### इन स्टेशनों पर रहेगा ट्रेन का ठहराव

इंदौर से चलकर यह ट्रेन बड़नगर, रतलाम जंक्शन, खाचरोद, नागदा जंक्शन, शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, मथुरा जंक्शन और दिल्ली सफदरजंग स्टेशन पर रुकेगी। इसके बाद शकूरबस्ती, रोहतक जंक्शन, महम, हांसी और सातरोड होते हुए हिसार पहुंचेगी। वापसी में हिसार से इंदौर जाते समय भी ट्रेन इन्हीं स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि इंदौर-नई दिल्ली-इंदौर रेल सेवा का हिसार तक विस्तार होना क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे हिसार सहित आसपास के जिलों के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें अब लंबी दूरी की यात्रा के लिए बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश में परिवहन सुविधाओं को मजबूत करना और नागरिकों को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इस रेल सेवा के हिसार तक विस्तार से न केवल यात्रियों का सफर अधिक सुविधाजनक होगा, बल्कि क्षेत्र के व्यापार, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे हिसार का सीधा संपर्क देश के प्रमुख शहरों से मजबूत होगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

#### लोगों को मिलेगी सुविधा मिलेगी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिसार की विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के लोगों की मांग थी कि इंदौर–नई दिल्ली रेल सेवा का विस्तार हिसार तक किया जाए। अब इस रेल सेवा के शुरू होने से हिसार और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे यात्रियों को सीधी रेल सेवा उपलब्ध होगी और उन्हें अन्य शहरों के लिए बार-बार ट्रेन बदलने की परेशानी से भी राहत मिलेगी।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक बीकानेर भूपेश यादव, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, महामंत्री आशीष जोशी, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, डीपीओ बीकानेर शैलेश चौधरी, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाल, समाजसेवी जगदीश जिंदल, अजय गावड़, ललित शर्मा, सिरसा स्टेशन अधीक्षक पुष्कर सहित प्रशासनिक एवं रेलवे अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

### दो कारों की आमने-सामने टक्कर, बाल-बाल बचे

**हिसार।** अग्रोहा क्षेत्र के आदमपुर रोड पर दो कारों के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों को भारी नुकसान हुआ, हालांकि एक कार में सवार सरकारी स्कूल का स्टाफ बाल-बाल बच गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों की सहायता की और पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि कालीरावण गांव के सरकारी स्कूल में कार्यरत शिक्षक अजय कुमार अपनी कार में सहकर्मी अध्यापिकाएं संतोष, ममता और अनीता के साथ स्कूल की छुट्टी होने के बाद गुरुवार को गांव की ओर से अग्रोहा होते हुए हिसार जा रहे थे। इसी दौरान जब उनकी कार अग्रोहा-आदमपुर रोड पर अग्रोहा के पास पहुंची, तो सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक अनियंत्रित कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अजय कुमार की कार के दोनों टायर फट गए और एक तरफ की दोनों खिड़कियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।



रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ जीव-जंतु अपने रहने के लिए ऐसे आवास बनाते हैं, जिन्हें देखकर तुम दंग रह जाओगे! तुम यही सोचोगे कि इन्होंने इतनी अमेजिंग होम मेकिंग इंजीनियरिंग आखिर सीखी कहां से? जानो, ऐसे ही कुछ जंतुओं के अनोखे घरों के बारे में।

# इंजीनियरिंग का कमाल हैं इन जंतुओं के अनोखे घर

## बोवर बर्ड इंटीरियर डिजाइनिंग की मिसाल

**ऑस्ट्रेलिया और** न्यू गिनी में पाए जाने वाले बोवर बर्ड का अपना घर बनाने का तरीका बड़ा ही अनोखा होता है। बोवर बर्ड अपना बोवर यानी घर बनाने के साथ-साथ उसमें इंटीरियर डिजाइन भी करता है। उसे सजाता है, संवारता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बोवर इनका असली घोंसला या आवास नहीं होता है। मादा पक्षी अंडे देने के लिए अलग घोंसला बनाती है। नर बोवर बर्ड, यह सुंदर महलनुमा घर केवल मादा को प्रभावित करने के लिए बनाता है। नर पक्षी टहनियों को जमीन में गाड़कर दो समानांतर दीवारें बनाता है, जो एक गलियारे जैसी दिखती हैं। बोवरबर्ड की कुछ प्रजातियां तो टहनियों से ऊंचे 'मेहराब' भी बनाती हैं। बोवर बर्ड अपनी सजावट के लिए बहुत चूजी होते हैं। साटन बोवर बर्ड को नीला रंग इतना पसंद है कि वह अपने घर के सामने नीले फूल, नीले पंख और यहां तक कि इंसानों द्वारा फेंकी गई नीली प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन और पेन जैसी चीजें भी इकट्ठा करते हैं। कुछ बोवर बर्ड अपनी चोंच से फलों के रस या लकड़ी के कोयले को चबाकर 'पेंट' तैयार करते हैं और अपने घर की दीवारों को रंगते हैं। ये पक्षी अपने आंगन में पत्थरों और वस्तुओं को इस तरह क्रम में सजाते हैं (बड़ी चीजें पीछे, छोटी आगे) कि जब मादा बीच में खड़ी होती है, तो उसे नर पक्षी और उसका घर ज्यादा बड़ा और भव्य दिखाई देता है। इस तकनीक को 'फोर्स्ड पर्सपेक्टिव' कहा जाता है। *



## रूफस हॉर्नेरो मिट्टी के ओवन जैसा घोंसला

**दक्षिण अमेरिका** में पाया जाने वाला पक्षी रूफस हॉर्नेरो, अपने मिट्टी से बने घर के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। बच्चो, इस पक्षी की कलाकारी देखकर तुम दंग रह जाओगे। रूफस कीचड़, गोबर और सूखी घास को मिलाकर एक गोल घर बनाता है। इसका आकार पुराने जमाने के मिट्टी के ओवन जैसा दिखता है, इसलिए इसे 'हॉर्नेरो' कहा जाता है। स्पेनिश में 'हॉर्नो' का मतलब ओवन होता है। जब यह मिट्टी का घोंसला धूप में सूखकर सख्त हो जाता है, तो यह कंक्रीट जैसा मजबूत हो जाता है। भारी बारिश और तेज हवाएं भी इसे नहीं तोड़ पातीं। यह घोंसला शिकारियों से सुरक्षा के लिए एक किले की तरह काम करता है। इसका द्वार भूल-भुलैया जैसा होता है। इसके घोंसले का दरवाजा सीधा अंदर नहीं खुलता। इसके अंदर एक घुमावदार दीवार होती है, जो अंग्रेजी अक्षर 'पी' आकार का रास्ता बनाती है। यह दीवार ठंडी हवा को सीधे अंदर जाने से रोकती है। साथ ही सांपों जैसे शिकारियों के लिए बच्चों तक पहुंचने से सुरक्षित रखती है। रूफस हॉर्नेरो, अक्सर बिजली के खंभों, ऊंचे पेड़ों या इमारतों के कोनों पर अपना घर बनाते हैं। *



## डाइविंग बेल स्पाइडर पानी के तल पर हवेली

**यह दुनिया** की एकमात्र ऐसी मकड़ी है, जो अपना पूरा जीवन पानी के नीचे बिताती है। यूरोप और एशिया के देशों में नदी-तालाबों के तल पर रहने वाली इस मकड़ी के द्वारा बनाई गई 'पानी के नीचे की हवेली' की तकनीक किसी चमत्कार से कम नहीं लगती है। यह मकड़ी पानी के नीचे पौधों के बीच रेशम का एक जाल बुनती है। फिर वह सतह पर जाकर अपने शरीर के पिछले हिस्से और पैरों पर लगे घने बालों की मदद से हवा का एक बुलबुला फंसाकर नीचे लाती है। इस हवा को वह अपने जाल के नीचे छोड़ देती है, जिससे वह एक बेल (घंटी) की तरह फूल जाता है। यह बुलबुला एक 'फिजिकल गिल' की तरह काम करता है। यह पानी से ऑक्सीजन सोखता है और कार्बन डाई-ऑक्साइड को बाहर निकालता है। इस वजह से मकड़ी को बार-बार हवा लेने के लिए सतह पर नहीं जाना पड़ता। इसी हवा भरे बुलबुले के अंदर यह मकड़ी सोती है, खाना खाती है और अंडे देती है। उसका यह घर तैरकर ऊपर न चला जाए, इसके लिए वह इसे रेशमी धागों से जलीय पौधों से मजबूती से बांध देती है। शिकार करने के लिए यह मकड़ी बस अपने पैरों को बुलबुले से बाहर निकालती है और पास से गुजरने वाले कीड़ों को पकड़ लेती है। *



## कोरल पॉलिप्स विशाल-मजबूत कॉलोनियां

**कोरल पॉलिप्स,** समुद्र के वे अदृश्य कलाकार होते हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सुंदर जीवित प्रवाल भित्तियां (कोरल रीफ) बनाते हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि चावल के दाने जितने छोटे जीव अंतरिक्ष से दिखने वाले ऊंचे 'पहाड़' खड़े कर देते हैं। प्रत्येक कोरल पॉलिप अपने चारों ओर कैल्शियम कार्बोनेट (चूना पत्थर) का एक कठोर कवच बनाता है। जब ये पॉलिप मर जाते हैं, तो उनके कठोर कंकाल वहीं रह जाते हैं, और नए पॉलिप उनके ऊपर अपना घर बनाना शुरू कर देते हैं। हजारों सालों की इस प्रक्रिया से विशाल कोरल रीफ का निर्माण होता है। *





## प्रेयरी डॉग्स जमीन के भीतर अंडरग्राउंड सिटी

**बच्चो, नाम** से कंफ्यूज मत होना! प्रेयरी डॉग्स असल में डॉगी नहीं, बल्कि गिलहरी परिवार के सदस्य हैं, जो जमीन के नीचे अद्भुत अंडरग्राउंड शहर बसाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी इंजीनियरिंग इतनी सटीक होती है कि इंसानी शहरों का ड्रेनेज सिस्टम भी इसके सामने फेल हो जाए। इनके बनाए विशाल 'टाउन' केवल एक बिल नहीं, बल्कि हजारों मील में फैले भूमिगत शहर जैसे होते हैं। टेक्सास (अमेरिका) में एक बार 25,000 वर्ग मील में फैला इनका एक टाउन पाया गया था, जिसमें लगभग 40 करोड़ प्रेयरी डॉग्स रहते थे। ये शहर पीढ़ियों तक चलते हैं। इनके घर में अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग कमरे होते हैं, जैसे- बच्चों के लिए 'नर्सरी', सोने के लिए 'बेडरूम', खाना रखने के लिए 'स्टोर रूम' और यहां तक कि कचरे के लिए अलग जगह होती है। प्रवेश द्वार के पास एक 'लिस्निंग पोस्ट' भी होता है, जहां से वे शिकारियों पर नजर रखते हैं। प्रेयरी डॉग्स अपने बिल के मुहानों को अलग-अलग ऊंचाई पर बनाते हैं। इससे दबाव में अंतर पैदा होता है, जिससे ताजी हवा अपने आप सुरंगों के अंदर घूमती रहती है। यह एक बेहतरीन वेंटिलेशन इंजीनियरिंग का उदाहरण है। ये बिल के प्रवेश द्वार पर मिट्टी के ऊंचे टीले बनाते हैं। ये टीले न केवल इन्हें ऊंचाई से शिकारियों को देखने में मदद करते हैं, बल्कि बारिश के पानी को सुरंग के अंदर जाने से भी रोकते हैं। *



कविता / शादाब आलम

## क्या कहने चावल के


एआई इमेज

क्या कहने चावल के भाई
कम है, जितनी करो बड़ाई।
इसे दूध के साथ मिलाकर
मजा बहुत आता है खाकर।
अगर राजमा चावल पाऊं
तीन प्लेट भरकर मैं खाऊं।
बने पुलाव जब घर में अपने
कोना-कोना लगे महकने।
कढ़ी और चावल की जोड़ी
नहीं किसी ने अब तक तोड़ी।
घूम-घूम कर बेचे भोले
बड़े गजब के चावल छोले।
जब नानी के घर जाता हूं
रोज दही चावल खाता हूं।
आज बनी है घर में तहरी
सुनकर खुश हो गई सुनहरी।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मजेदार कहानियां

बच्चो, हाल में छपकर आई 'होलू का दिमाग चलता है' सात मजेदार कहानियों की किताब है। पहली कहानी 'होलू का दिमाग चलता है' में तुम जिज्ञासु-नटखट होलू के एक से बढ़कर एक काल्पनिक और गुदगुदाते प्रश्नों को पढ़कर हंसे बिना नहीं रहोगे। 'हवा ने चांटा मारा' अर्श से हवा की काल्पनिक बातचीत पर आधारित कहानी है। बोलने में अटकने वाली मुन्नी क्यों उदास हो जाती है, कैसे फिर से खिलखिलाने लगती है? इसे तुम 'भाड़ में जाए' कहानी में पढ़ सकते हो। 'मैं लौट आया' सपने में पक्षी बनकर उड़ते हुए पड़ोसी देश की यात्रा करने वाले बच्चे की प्यारी सी कहानी है। यह कहानी अलग-अलग देशों के बीच होने वाली शत्रुता पर भोले-भाले सवाल पूछती है। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत रोचक और सीख देने वाली हैं। *



**किताब:** होलू का दिमाग चलता है, **लेखक:** दिविक रमेश
**मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** अनबाउंड स्क्रिप्ट, दिल्ली

## जीके क्विज-196

1. दिल्ली का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर किसे नियुक्त किया गया है?
2. हाल ही में किस देश की क्रिकेट टीम को हराकर भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता?
3. चेस के 93 वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले इंडियन चेस प्लेयर का नाम क्या है?
4. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
5. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
6. हमारे पड़ोसी देश भूटान की राजधानी का क्या नाम है?
7. सती प्रथा समाप्त करने में किस समाज सुधारक का महत्वपूर्ण योगदान था?
8. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
9. फ्लाइंग सिख के नाम से किस इंडियन एथलीट को जाना जाता है?
10. टाइटन किस ग्रह का उपग्रह है?



बच्चो, जीके क्विज-196 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-195 का उत्तर :** 1.केरलम, 2.सचिन तेंदुलकर, 3.रॉब जेटन , 4. 20 मार्च, 5.नारंगी, 6.कार्बन डाई ऑक्साइड, 7.किडनी, 8.हीलियम, 9.आर्कटिक महासागर, 10.समुद्रगुप्त

**जीके क्विज-195 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कुणाल-रोहतक, आस्था-दिल्ली, अजय-सिरसा, प्रवीण-ईमेल से, रमेश-रायगढ़, तेजस-रायपुर, सुमन-महेंद्रगढ़, मुकेश-जींद, चंचल-दिल्ली, किशन-बिलासपुर, सचिन-रोहतक

अपनी सहेली रूठ जाए तो दिल में टीस होगी ही। अंकिता अपनी सहेली अबीहा से रूठ गई। लेकिन कुछ देर बाद अबीहा ने जो किया, अंकिता की सारी नाराजगी पल भर में दूर हो गई। एक प्यारी-मीठी कहानी।

## रूठ गई सहेली



छोटी कहानी
सिराज अहमद

आज अंकिता अपनी सबसे प्यारी दोस्त अबीहा से रूठ गई थी। वजह बहुत छोटी थी, पर उसका असर बड़ा हो गया। सुबह स्कूल में अंकिता थोड़ी देर से पहुंची, तब तक अबीहा ने सोचा कि शायद वह आज नहीं आएगी, छुट्टी पर है। इसलिए उसने अपनी दूसरी क्लासमेट को अपने बगल में बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद अंकिता आ गई। उसने अबीहा के बगल में दूसरी लड़की को बैठे देखा तो उसका चेहरा उतर गया। अंकिता को लगा कि अबीहा ने उसकी जगह किसी और को दे दी। उसने कुछ कहा नहीं, लेकिन मन ही मन अबीहा से नाराज हो गई। लंच टाइम हुआ तो दोनों, जो हमेशा साथ बैठकर खाना खाती थीं, आज अलग-अलग बैठी थीं। अबीहा को यह बहुत बुरा लग रहा था। उसे अपनी दोस्त की चुप्पी काटने लगी। तभी उसे कुछ याद आया। अबीहा ने टिफिन खोला, अंदर मीठे परांठे थे, वही जो अंकिता को बहुत पसंद थे। जैसे ही परांठों की खुशबू फैली, अंकिता की नाक फड़क उठी। वह खुद को रोक न सकी। झटपट उठी, अबीहा की टिफिन की ओर बढ़ी और हंसते हुए बोली, 'यह मेरे हिस्से का परांठा है!'



एआई इमेज

अबीहा ने हंसकर कहा, 'ये लो, पहले तुम खा लो।' अंकिता ने एक टुकड़ा खाया और हंसते हुए क्लास में दौड़ पड़ी। उसके पीछे-पीछे अबीहा भी दौड़ने लगी। क्लास की बाकी बच्चियां हंस-हंसकर लोट-पोट हो गईं।

कुछ देर बाद दोनों थककर साथ बैठ गईं। टिफिन के परांठे बांटकर खाने लगीं। गुस्सा कहीं उड़ गया था। मीठे परांठों की खुशबू ने एक बार फिर उनकी दोस्ती में मिठास घोल दी थी। *



कहानी
क्षमा शर्मा

कैरम की रानी गोटी (क्वीन) और अन्य गोटियों में ऐसा घमंड जागा कि दोनों अपना-अपना महत्व जताते हुए बोलीं कि वे ना हों तो कैरम खेलना मुमकिन नहीं। तभी एक समझदार गोटी ने ऐसा कुछ कहा कि रानी गोटी और अन्य सभी गोटियां अपनी बहस भूलकर आपस में घुल-मिल कर हंस-हंस कर नाचने लगीं। आखिर उस समझदार गोटी ने ऐसा क्या कहा?

## नाचने लगीं गोटियां



आदित्य और अंशु के पास एक कैरम बोर्ड था। अक्सर शाम को बाहर खेलने जाने से पहले दोनों कैरम खेलते थे। बहुत बार वे बाहर न जाकर सिर्फ कैरम ही खेलते रहते थे। एक बार कैरम की गोटियों में आपस में बहस हो रही थी कि अगर वे न हों तो कोई कैरम खेल ही नहीं सकेगा। गुलाबी रंग की रानी गोटी यानी क्वीन इन सब की बातें सुन इतरा कर बोली, 'बड़ी चली हो महारानी बनने। जानती नहीं कि तुम सबकी रानी तो मैं ही हूं। मैं न होऊं तो तुम सब कुछ नहीं कर सकोगी।'

एक गोटी जो लड़ाकू थी, वह झिड़ककर बोली, 'तुम तो बस दिखाने भर की रानी हो। अपने बल पर तो अकेली बोर्ड से बाहर भी नहीं निकल सकतीं। हमेशा अपने पीछे हम में से कोई एक चाहिए कवर करने के लिए।'

'अरे रहने दो! अपने आप ही पिछलग्गू बनी चली आती हो मेरे पीछे। ना भी आओ तो मेरा क्या बिगड़ेगा? रहूंगी तो मैं रानी ही।' रानी की अकड़ भरी बात सुनकर बाकी गोटियों को बहुत गुस्सा आया। सबने मन ही मन तय किया कि रानी को सबक सिखा कर रहेंगे। अब जैसे ही दो बच्चे कैरम खेलने बैठते, गोटियां फटाफट बाहर निकलने लगतीं। लेकिन जैसे ही रानी बाहर निकलती बाकी गोटियां जैसे बोर्ड पर जम जातीं। चाहे जितना स्ट्राइकर मारो, वे टस से मस न होतीं। इससे बच्चे बार-बार रानी गोटी को बोर्ड पर पटकते, जिससे उसे चोट भी लगती। वह दर्द से कराहती। बाकी गोटियां इस दशा पर मुस्कुरातीं, 'अरे! रानी है, कर लेगी न सब अपने आप।'

इन सब गोटियों में एक गोटी ऐसी भी थी, जिसे रानी को देख तकलीफ होती। एक दिन उसने अपनी सहेली गोटियों से कहा, 'हम सबने रानी को बहुत सजा दे ली। लेकिन अब इस लड़ाई को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि यह भी तो हो सकता है कि हमसे खेलने वाले बच्चे हमारी हरकतों से तंग आकर दूसरी गोटियां ले आएं और हमें कूड़ेदान में फेंक दिया जाए। तब हम सबका क्या होगा, तुमने सोचा है? यहां तो हम सब आराम से रहते हैं। गर्मी, सर्दी, बरसात सबसे बचे रहते हैं। बाहर की दुनिया कैसी होगी, क्या पता? कूड़ेदान में से उठाकर किसी ने हमें आग में जला दिया तो..., तब हमारा क्या होगा? आखिर बनी तो हम लकड़ी से ही हैं।' उस गोटी की बातें सुन कर सारी गोटियां सोच में पड़ गईं। सबने देखा कि रानी गोटी के आंसू बह रहे थे। वह बोली, 'वैसे तो मैं रानी हूं, लेकिन मुझे यह बात क्यों समझ में नहीं आई कि गलती मेरी ही थी। घमंड में आकर मैंने अपनी सभी सहेलियों का अपमान किया। सबको मुसीबत में डाल दिया। सॉरी फ्रेंड्स।'

रानी ने यह कहा तो सारी गोटियां खुशी से उछलने लगीं। वे कूद-कूद कर बोर्ड के ऊपर नाचने लगीं। एक-दूसरे को जोक्स सुनाने लगीं और हंस-हंस कर लोट-पोट होने लगीं। उन्हें लगा कि इतनी हंसी तो जीवन में उन्होंने पहली बार सुनी है।

अगले दिन जब आदित्य और अंशु कैरम खेलने लगे तो गोटियों में होड़ लग गई। वे सबकी सब रानी से पहले ही बोर्ड से बाहर जाने की तैयारी करने लगीं। बच्चों को भी आज खेलना बहुत अच्छा लगा। एक गोटी बाहर निकलती तो वे जोर से तालियां बजाते। ऐसा लग रहा था, जैसे सारी गोटियां भी ताली बजा रही हैं। *

## रंग भरो-197

**रंग भरो-197** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




काशवी, रायपुर


वेदिका, कोरबा


प्रगति, बिलासपुर


कुंजल, रायपुर


रिधान, अंबिकापुर


प्रभु, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, पयोनिधि-अंबिकापुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशनी-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, तेजस-बिलासपुर, सुमन-हिसार

## रंग भरो 198



बच्चो, यहां एक छोटे-से एक्वेरियम में मछली को चारा डालती एक लड़की का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### टावर से चोर उपकरणों की चोरी करके फरार

**बरवाला।** गांव सुलखनी में लगे एक मोबाइल टावर से अज्ञात चोर लगभग 80 हजार रुपये के उपकरणों की चोरी करके फरार हो गए। मामले की शिकायत थाना बरवाला में दी गई है। एक सुरक्षा कंपनी में कार्यरत सिक्योरिटी सुपरवाइजर संदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 मार्च को प्रातः लगभग 4 बजे टावर तकनीशियन विक्रम सिंह का फोन आया कि गांव सुलखनी में लगे एक कंपनी के मोबाइल टावर पर चोरी हो गई है।

### शराब के लिए पैसे न देने पर छात्र के साथ मारपीट

**नारनौंद।** नारनौंद में शराब के लिए पैसे ना देने पर एक छात्र की धुनाई करके दुकान से रुपए लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में पांच नामजद युवकों सहित अन्य पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नारनौंद के वार्ड नंबर पांच निवासी गौरव ने बताया कि वह बीए फाइनल में पढ़ता है। उसके पिता की स्पेयर पार्ट की दुकान है। वह दुकान पर बैठा हुआ था और उसके पिता किसी कार्य के लिए बाहर गए हुए थे।

### शिविर में तहसीलदार ने सुनीं जनसमस्याएं

**हांसी।** जिला सचिवालय में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न गांवों तथा शहर की कॉलोनियों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। नायब तहसीलदार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल की वीनू भारती सम्मानित

**उकलाना।** ऑक्सफोर्ड स्कूल की वीनू भारती को महिला विशेष सम्मान से नवाजा गया। उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय की आईएएस अधिकारी डॉ. रचना सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम महात्मा बुद्ध महिला उत्थान संघ एवं जिला रोलर स्केटिंग संघ द्वारा भिवानी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. रचना सिंह ने वीनू भारती को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### महिला को ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** जिला पुलिस ने मानवीय भावनाओं का हवाला देकर ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान निवासी अनुराग के रूप में हुई है। यह जानकारी देते हुए जांच अधिकारी मुख्य सिपाही सुरेश कुमार ने बताया कि हांसी निवासी एक महिला द्वारा 19 सितंबर 2024 को एक महिला ने साइबर थाना हांसी में एक शिकायत दी थी। जिसमें महिला ने लालच तथा मानवीय भावनाओं का हवाला देकर ऑनलाइन माध्यम से 1.20 लाख रुपये जमा करवाकर धोखाधड़ी की गई थी।

### वाहन चोरी में पुलिस ने युवक को पकड़ा

**नारनौंद।** बास पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपित युवक को गिरफ्तार कर उससे नकदी बरामद की है। आरोपी की पहचान शुभम निवासी फरटिया जिला भिवानी के रूप में हुई है। थाना बास में तैनात उप निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि अनुप कुमार ने थाना बास में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 21 जनवरी की रात वह अपनी गाड़ी लेकर मुंढाल से जींद की तरफ जा रहा था। रास्ते में मदनहेड़ी मोड़ के पास वह लघुशंका के लिए रुका।

## दो साल पहले हुई पति की मौत, आज तक नहीं बनी विधवा पेंशन

# समाधान शिविर में भी नहीं हो पा रहा समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

- समाधान शिविर में पहुंचकर महिला ने लगाई गुहार

सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं को लेकर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि लोगों की समस्याओं का निवारण किया ज सके। काफी हद तक समस्याओं का समाधान भी हो रहा है। फिर भी तकनीकी खामियों के कारण काफी लोग इस व्यवस्था का शिकार हो रहे हैं।

खेड़ी लोहचब की महिला पूनम ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि दो साल पहले उसके पति की मौत हो गई थी लेकिन आज तक भी उसकी विधवा पेंशन नहीं बन पाई है। वह अलग-अलग कार्यों के चक्कर काट कर थक चुकी है। समाधान शिविर में आए कर्मचारियों ने उनको आश्वासन दिया कि कुछ तकनीकी खामियों के कारण नहीं बन पाई थी अब पेंशन बन जाएगी।

बुडाना गांव के राममेहर ने बताया कि उसकी बुढ़ापा पेंशन पहले हर महीने उसके खाते में पहुंच जाती थी। लेकिन पिछले छह महीनों से उसकी पेंशन नहीं आ रही। वो हिसार और चंडीगढ़ तक सरकारी कार्यालयों में चक्कर काट चुका हैं उसको की भी अधिकारी या कर्मचारी संतुष्ट जवाब नहीं दे रहा। हर कोई दूसरे कार्यालय का दरवाजा बता देता है उसे बेवजह परेशान किया जा रहा है। बुडाना गांव की रामरती ने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना का फार्म भरा था। आज तक एक भी किस्त नहीं मिल पाई। नारनौंद और हिसार तक तक सरकारी कार्यालय में जा चुकी है। हर जगह सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है कि जल्द ही आपके खाते में आ जाएगी।



**नारनौंद।** समाधान शिविर में शिकायत के लिए पहुंचे हुए ग्रामीण। **फोटो : हरिभूमि**

### राशन कार्ड काटने का आरोप

नारनौंद की पारली ने बताया कि उसका पीला राशन कार्ड कट गया है वह घर में अपने पति के साथ अकेली रहती हैं। कार्यालय में आकर कार्ड काटने का कारण पूछा तो बताया कि आपकी इनकम ज्यादा है जबकि वह मजदूरी करके ही अपने पति की बीमारी का इलाज करवा रही हैं। आज फिर शिकायत दी है कि उसका राशन कार्ड बनाया जाए। राखी खास के सोरण ने बताया कि उसकी भी बुढ़ापा पेंशन नहीं आ रही इसलिए वो इस समाधान शिविर में आया है। यहां पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि बैंक की कॉपी में उसका नाम मिलान नहीं हो रहा हैं। इस तकनीकी कारण से पेंशन नहीं आ पा रही।

## भाजपा जिला कार्यालय में भी लगा शिविर

# जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता : डॉ. गुप्ता



**हिसार।** भाजपा कार्यालय में समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाजपा के जिला कार्यालय में गुरुवार को पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने नागरिकों की जनसमस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से तुरंत फोन पर बातचीत कर कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम नागरिकों के कार्यों में अनावश्यक देरी न हो तथा समस्याओं का शीघ्र और पारदर्शी तरीके से निपटारा किया जाए। बैठक के दौरान उपस्थित जनों ने वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे तनाव और उसके भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर भी चिंता व्यक्त की। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, सतीश सुरलिया, लोकेश असीजा, विनोद तोशावाड़, सुरेंद्र सिंह सैनी, अनुज जैन, प्रोमिला पुनिया, अनिल गोदारा, प्रवीण नारंग आदि उपस्थित रहें।



**हिसार।** रैली को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा करते जेजेपी नेता दिग्विजय चौटाला।

## देशी घी के लड्डू से हर आने वाले का करवाएंगे मुंह मीठा, हरे-पीले रंग में सजा हांसी

# जेजेपी का हरियाणा जनचेतना दिवस कार्यक्रम आज, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शुक्रवार को जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला के जन्मदिवस पर हांसी की नई अनाज मंडी में मनाए जाने वाले हरियाणा जनचेतना दिवस की तैयारियां पूरी कर ली गई है। जनचेतना दिवस को संबोधित करने के लिए उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड सहित कई प्रदेशों के प्रमुख राजनीतिज्ञ एवं नामी-गिरामी संगीत कलाकार उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, कई पूर्व विधायक, विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष, पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। इस दौरान डॉ अजय सिंह चौटाला के जन्मदिवस पर कई सामाजिक संस्थाओं, खापों, खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। गुरुवार को रैली स्थल का जायजा लेने के लिए जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला पूरे दिन हांसी की नई अनाज मंडी में डटे रहे और कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। दुल्हन की तरह सजाया हांसी शहर डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिवस के अवसर पर हांसी शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। हांसी शहर में आने वाले सभी मार्गों पर जेजेपी के झंडे एवं लड़ियां लगाई गई है।

### 65 हजार लड्डू बनकर हुए तैयार

हरियाणा जनचेतना दिवस में आने वाले हर शख्स का लड्डू से मुंह मीठा करवाया जाएगा। देशी घी से बने 65 हजार लड्डू तैयार किए गए हैं। इसके अलावा रैली स्थल पर आने वाले लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। पंडाल में बैठे लोगों को गर्मी न लगे, इसको देखते हुए पंखों की उचित व्यवस्था की गई है।

## भारतीय मृदा एवं जल सरंक्षण संस्थान देहरादून की टीम बनी चैंपियन



**हिसार।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नॉर्थ जोन स्पोर्ट्स मीट गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। भारतीय मृद्रा एवं जल सरंक्षण संस्थान देहरादून ने चैंपियनशिप अपने नाम की। महिला वर्ग में केंद्रीय प्रो-हार्वेस्टिंग इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान, लुधियाना की ऋतु कुकड़े तथा पुरुष वर्ग में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनाऊ के नीरज कुमार को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब मिला। चार दिवसीय प्रतियोगिता के समापन अवसर पर हांसी के उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों तथा खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता के मेजबान केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. भट्टाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए बधाई दी। आयोजन सचिव डॉ. एस.के. फुलिया ने खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देने के लिए केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के सभी कर्मचारियों, प्रत्येक खेल के कोच, गिरी सेंटर स्टाफ तथा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति का आभार जताया।

# इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में होली चाइल्ड स्कूल के विद्यार्थी छाए, पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विशेष बात यह रही कि नौ राज्यों वाले पूरे नॉर्थ ज़ोन में हरिओम यादव ने 33वां स्थान ओलंपियाड रैंक 84 प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में कक्षा चौथी के छात्र अभिषेक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कक्षा छठी के छात्र हार्दिक ने सिल्वर मेडल हासिल किया, जबकि उसी कक्षा की छात्रा सान्वी शर्मा ने गोल्ड मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा आठवीं के छात्र रक्षित ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं कक्षा नौवीं के छात्र हरिओम यादव ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करने के साथ-साथ स्टेट टॉपर बनने का गौरव भी हासिल किया, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर आरएस सिंधु ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है।



**हिसार।** स्कूल स्टाफ के साथ शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। **फोटो : हरिभूमि**

## इंडियन ओपन जंप कंपीटिशन के लिए हरियाणा की 15 सदस्यीय टीम घोषित

**हिसार।** एथलेटिक्स हरियाणा ने 5वीं इंडियन ओपन जंप कम्पीटिशन के लिए हरियाणा की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 15 मार्च तक अंजू बॉबी जार्ज हाई परफोर्मेंस सेंटर, बैंगलोर में किया जाएगा। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक और मीडिया प्रभारी (खेल) सत्यवीर धनखड़ ने गुरुवार को बताया कि पुरुष वर्ग हाई जंप इवेंट में गुरजीत सिंह, लांग जंप इवेंट में सचिन बामेल, पोलवाल्ट इवेंट में उत्तम, आयुष तंवर, प्रमोद और नीतिन भाग ले रहे हैं। लड़कों के 20 वर्ष आयु वर्ग के लांग जंप इवेंट में जतिन मलिक और हाई जंप इवेंट में कृष्ण कुमार भाग ले रहे हैं एवं 18 साल आयु वर्ग लड़का लांग जंप इवेंट में तुषार विरमानी भाग ले रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि महिला वर्ग पोलवाल्ट इवेंट में ज्योति, वंशिका घनघस, शबनम और रजनी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। लड़कियों के 20 साल आयु वर्ग की लांग जंप इवेंट में हिसार की तमन्ना भाग ले रही है जबकि कशिश 18 साल आयु वर्ग लड़की लांग जंप इवेंट में अपना खेल कौशल दिखाएगी।



खिलाड़ी तमन्ना



खिलाड़ी वंशिका

# भक्ति और उल्लास के साथ मनाया भगवान आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक पर्व

- रजत पालकी में निकली भव्य शोभायात्रा, मंगल कलशों से हुआ अभिषेक व झारी से हुई शांतिधारा

**हिसार।** नागौरी गेट स्थित बड़े जैन मंदिर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर मूलनायक भगवान श्री 1008 आदिनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक पर्व गुरुवार को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और वातावरण भगवान आदिनाथ के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात मंदिर परिसर में मंगलाष्टक के साथ हुई। इसके बाद भगवान श्री आदिनाथ की रजत पालकी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे और भक्ति संगीत के बीच यह पालकी यात्रा बड़े मंदिर से प्रारंभ होकर 1008 श्री मल्लिनाथ भगवान मंदिर (छोटा मंदिर) तक पहुंची और पुनः बड़े मंदिर में आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे लगाते हुए भक्ति भाव से यात्रा में भाग लिया और भक्ति में नृत्य करके उत्सव की शोभा बढ़ाई। शोभायात्रा के पश्चात बड़े मंदिर में भगवान श्री आदिनाथ को तीन पीठ पर विराजमान कराकर मंगल कलश से मंगलकारी अभिषेक किया गया।



**हिसार।** रजत पालकी में निकली भव्य शोभायात्रा में उपस्थित श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप

### अंडरपास की मांग को लेकर धरना 56वें दिन भी जारी

**उकलाना।** रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण स्थल पर अंडरपास की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों का धरना लगातार जारी है। यह धरना गुरुवार को 56वें दिन में प्रवेश कर गया, लेकिन अभी तक समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है। धरना दे रहे लोगों का कहना है कि रेलवे ओवरब्रिज बनने के बाद बिना अंडरपास के क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से कई बार अंडरपास बनाने की मांग उठाई है, लेकिन अब तक उनकी मांग पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। धरनारत लोगों ने चेतावनी दी है कि जब तक अंडरपास की मांग पूरी नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### 14 व 15 मार्च को सभी वार्डों में होगी एरिया सभाएं

**हिसार।** नगर निगम के अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण ने 14 व 15 मार्च को होने वाली एरिया सभा को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सचिव संजय शर्मा, सभी जेई व कर्मचारी मौजूद रहे। अतिरिक्त निगमायुक्त ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार आगामी 14 व 15 मार्च को शहर के सभी वार्डों में एरिया सभा की बैठक होगी। ये एरिया सभाएं वार्ड के वोटरों के अनुसार बनानी होगी। नागरिकों की भागीदारी अधिनियम 2008 के प्रावधानों के अन्तर्गत एरिया सभा गठित की गई है।

### जाट कॉलेज ने किया एमओयू



**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज हिसार एवं हार्टरोन अधिकृत संस्थान अल्फा टेक्नोलॉजी के बीच में मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग स्थापित हुआ है। कमेटी संयोजक डॉ मोनिका ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य विद्यार्थियों का कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। एमओयू के अंतर्गत विद्यार्थी अल्फा टेक्नोलॉजी संस्थान में ऑफिस असिस्टेंट, वेब डेवलपमेंट, वेबसाइट डिजाइनिंग, टैली इआरपी एवं डिजिटल मार्केटिंग से संबंधित इंटर्नशिप करेंगे जिसकी अवधि 4 से 6 सप्ताह रहेगी। महाविद्यालय की तरफ से कॉलेज प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया तथा अल्फा टेक्नोलॉजी संस्थान की तरफ से राजीव मोंगा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डॉ सुरेश कुमार, डॉ सुशील बजाज तथा अल्फा टेक्नोलॉजी केंद्र इंचार्ज कृष्ण कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

### महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी रहकर करें काम



**नारनौंद।** आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे रहकर अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। स्वयं सहायता से जुड़कर अनेक कार्य करके खुद को स्थापित कर रही हैं। यह बात जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा ने अनमोल व प्रतिभा महिला क्लस्टर संगठन के वार्षिक कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं ने शिरकत कर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रदीप गामड़ा, डीपीएम वीरेंद्र श्योराण ने ज्योत प्रचलित करके किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। महिलाएं स्वयं सहायता से जुड़कर अपने परिवार की रोजी-रोटी चलाने का काम कर रही है काफी महिलाएं बेहतरीन कार्य करके करके मिसाल कायम कर रही है।

## आवाज : धर्मांतरण करने वालों को न मिले एसटी आरक्षण का लाभ : सतेंद्र सिंह

### डीलिस्टिंग की मांग के लिए 24 मई को दिल्ली में किया जाएगा विशाल आंदोलन

# बैठक कर वनवासी कल्याण आश्रम ने उठाई डीलिस्टिंग की मांग

- डीलिस्टिंग के लिए कई वर्षों से जनजातीय सुरक्षा मंच ने चलाया हुआ है अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिंह कहा कि वनवासी क्षेत्रों में बहुत से लोगों का धर्मांतरण किया जा रहा है। धर्मांतरण करने वाले लोगों को एसटी आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इसलिए डीलिस्टिंग की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि डीलिस्टिंग के लिए जनजातीय सुरक्षा मंच कई वर्षों से अभियान चलाए हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धर्मांतरित वनवासी अपनी मूल परंपराओं व सनातन संस्कृति को छोडक़र दोहरा लाभ उठा रहे हैं। इसलिए धर्मांतरण करने वालों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करना नितांत आवश्यक है। ऐसा करने से वनवासी बंधुओं के हितों की सही मायने में रक्षा हो सकेगी। वे गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने बताया कि डीलिस्टिंग की मांग पर 24 मई को जनजातीय सुरक्षा मंच के तत्वावधान में दिल्ली के लाल किला मैदान में विशाल आंदोलन भी किया जाएगा। इस आंदोलन में देशभर के वनवासी क्षेत्रों से लोग बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे। इतना ही नहीं इस आंदोलन में हरियाणा, पंजाब व दिल्ली की विशेष भूमिका रहेगी।



**हिसार।** वनवासी कल्याण आश्रम की जानकारी प्रदान करते पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

सतेंद्र सिंह ने बताया कि वनवासी कल्याण आश्रम ने देश के दूरदराज के जंगलों और जनजातीय क्षेत्रों में स्थित 64 हजार से अधिक गांवों तक अपनी पहुंच बना ली है। दरअसल जनजातीय समाज तक पहुंचना बहुत बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि वनवासी समुदायों के समग्र विकास के लिए कार्य किया जा रहा है और संगठन का उद्देश्य 12 करोड़ से अधिक वनवासियों तक पहुंचना है। प्रदेश सचिव रामनिवास अग्रवाल सीए व जिला अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, जिला सचिव अजय सैनी, कोषाध्यक्ष पर्व गुप्ता, उपाध्यक्ष बजरंग व ईश्वर सैनी, सह सचिव पवन राड़ा, मनीष बिंदल, गौरव सिंगला, समीर सरदाना व अंकुश सर्राफ आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### दुर्गा मंदिर में रक्तदान शिविर 15 को

**बरवाला।** रोटरी क्लब और रोट्रेक्ट क्लब बरवाला के संयुक्त तत्वावधान में मेन रोड पर स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में 15 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रोटरी क्लब के प्रधान व सेवानिवृत्त प्रिंसिपल ओम प्रकाश वधवा ने बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक वेद नारंग द्वारा शिरकत की जाएगी और विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी रवि सरदाना मौजूद रहेगे तथा अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष हांसी मुनीष गोयल, भाजपा मंडल बरवाला अध्यक्ष मोनू संदूजा, पार्षद राजा मेहता व समाजसेवी रामनिवास खोवाल द्वारा की जाएगी।

### बेकरी उत्पाद व संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**हांसी।** पंजाब नेशनल बैंक किसान प्रशिक्षण केंद्र, सच्चा खेड़ा (जींद) के तत्वावधान में जसप्रीत एग्रो फूड्स एंड बेकरी, जगन्नाथ मंडी, जीटी रोड, मॉडल टाउन के सामने में तीन दिवसीय "बेकरी उत्पाद और उनका संरक्षण" प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्र, राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र (एनआरसीई) की वित्तीय सहयोग द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रहम प्रकाश व दिनेश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर केंद्र निदेशक हितेश कालरा ने कहा कि आज के समय में बेकरी व्यवसाय एक अच्छा स्वरोजगार का माध्यम बन सकता है।

### 26 मामलों में संलिप्त आरोपियों से नकदी बरामद

**हिसार।** 12 क्वार्टर चौकी इंचार्ज एएसआई राकेश ने नेतृत्व में पकड़े गए 26 मामलों में संलिप्त दो आरोपियों को अदालत ने जेल भेज दिया है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर आभूषण व नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार शहर की गीता कॉलोनी निवासी प्रमोद उर्फ शूटर व खेदड़ निवासी विकास उर्फ कालिया को दो दिन पहले गिरफ्तार करके किया गया था। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान पता चला कि दोनों ही आरोपी शातिर व आपराधिक इतिहास वाले है। आरोपी प्रमोद पर 6 मुकदमे स्नैचिंग व चोरी के अलग अलग थानों मैं दर्ज है। इसी तरह दूसरे आरोपी विकास उर्फ़ कालिया के खिलाफ लूट, डकैती, मारपीट, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, चोरी, स्नैचिंग व अन्य 20 के करीब केस विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

### खराब पेयजल आपूर्ति के लिए मंत्री जिम्मेदार

**हिसार।** इनेलो के प्रदेश प्रधान महासचिव गौरव संपत सिंह ने कहा है कि हरियाणा के कई जिलों और गांवों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। लोगों को या तो नियमित रूप से पानी नहीं मिल रहा है या फिर जो पानी मिल रहा है वह दूषित और खारा है। नलवा हलका ही नहीं बल्कि पूरा हिसार जिला व हरियाणा के कई गांवों में खराब पानी की सप्लाई आ रही है। पीने के पानी में टीडीएस की मात्रा बढ़ रही है और भूजल स्तर लगातार गिर रहा है, जिससे पानी की गुणवत्ता और भी खराब होती जा रही है। गौरव संपत सिंह के अनुसार सरकार के मंत्री केवल यह कहते हैं कि उन्हें चिंता है, लेकिन जनता को चिंता नहीं बल्कि ठोस कार्रवाई चाहिए।

संबंधित कर्मचारियों को सफाई कराने के दिए निर्देश

# नालों में कचरे की स्थिति देख एसएसओ ने जताई नाराजगी

- **स्वच्छता को लेकर विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। गुरुवार को विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने शहर के विभिन्न स्टॉर्म वॉटर नालों और रोड जीटी की स्क्रीनिंग या सड़क की जीटी की जांच व सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालों की सफाई, कचरा प्रबंधन व्यवस्था और सड़कों के आसपास की स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया। कई स्थानों पर नालों में कचरे की स्थिति को देखकर संबंधित कर्मचारियों को तुरंत सफाई करवाने के निर्देश दिए गए। विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो। निरीक्षण के दौरान तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुंडू, आईईसी एक्सपर्ट हरिराम गुर्जर, एएसआई सन्नी और एएसआई सरोज भी मौजूद रहे।



हिसार। निरीक्षण करते विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह व अन्य।



हिसार। बैठक में उपस्थित अधिकारी एव पार्षद। फोटो : हरिभूमि



हिसार। अधिकारियों को दिशानिर्देश देते डीसी महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

### डीसी ने अधिकारियों को लगाई फटकार

**हिसार।** रबी फसल खरीद की तैयारियों और अतिरिक्त भंडारण व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई और दोबारा समीक्षा बैठक बुला ली है। अगली बैठक तक भंडारण व्यवस्था को लेकर पर्याप्त प्रबंध नहीं हुए तो जवाबदेही तय करते हुए ठोस कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गुरुवार को आयोजित बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम, जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड, हरियाणा वेयरहाउस, विपणन एवं प्रवर्तन विभाग तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा संतोषजनक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई। इसे गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने नाराजगी जताई और सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे पूरी तैयारी के साथ विस्तृत रिपोर्ट लेकर बैठक में उपस्थित हों। रविवार, 15 मार्च को खरीद की तैयारियों, अतिरिक्त स्टोरेज स्पेस की आवश्यकता और व्यवस्थाओं को लेकर पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

### वार्ड कमेटी कचरा प्रबंधन के लिए रूट मैपिंग में करेगी सहयोग

**हिसार।** नगर निगम के मुख्य सभागार में वार्ड कमेटी और आगामी 14 व 15 मार्च को होने वाली एरिया सभा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एरिया सभा के चेयरमैन, मेम्बर सचिव तथा नगर निगम के अधिकारियों ने भाग लिया और सभाओं के आयोजन, उद्देश्य तथा कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह भी बताया गया कि वार्ड कमेटी कचरा प्रबंधन के लिए रूट मैपिंग में सहयोग करेगी और घर-घर जाकर लोगों को कचरा संग्रहण के प्रति जागरूक करेगी। प्रत्येक वार्ड कमेटी में कम से कम सात सदस्य होंगे। संबंधित वार्ड का पार्षद इसका चेयरमैन होगा, जबकि वार्ड के जेई, सीएसआई या एएसआई सहित जनसंख्या के आधार पर अन्य सदस्यों का चयन किया जाएगा। वार्ड कमेटी की बैठकों में विकास कार्य, स्वच्छता, सौंदर्यकरण, स्वास्थ्य और अन्य सार्वजनिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के दौरान एजेंडा तैयार करने की जिम्मेदारी सचिव की होगी और वह इसे नगर निगम कार्यालय तक पहुंचाना सुनिश्चित करेगा। बाद में सभी वार्डों से प्राप्त एजेंडों को एकत्रित कर सरकार को भेजा जाएगा। बैठक के दौरान सीएमजीजीए अमोल मधुकर ने पीपीटी के माध्यम से एरिया सभा और वार्ड कमेटी की भूमिका व उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एरिया सभा और वार्ड समितियों के गठन का मुख्य उद्देश्य निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना और वार्ड स्तर पर निगरानी व जवाबदेही को मजबूत बनाना है। एरिया सभा के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की सत्यापन प्रक्रिया भी की जाएगी। अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने सभी सचिवों को निर्देश दिए कि वे 16 मार्च से पहले अपना कैलेंडर तैयार कर वार्ड कमेटी की बैठकों की तिथि, समय और स्थान निर्धारित करना सुनिश्चित करें।

# सीआर लॉ कॉलेज में विधिक जागरूकता कार्यक्रम



हिसार। विधिक जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित अथितिगण, कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

छाजूराम विधि महाविद्यालय में विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन जाट शिक्षण संस्थान के प्रेसिडेंट दिलदार सिंह पूनिया, सेक्रेटरी एडवोकेट परविंदर मलिक, कोषाध्यक्ष सागर सिवाच और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कम सेक्रेटरी अशोक कुमार ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं तथा गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य है।

#### कानूनी जागरूकता सब के लिए आवश्यक

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कानूनी जागरूकता प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहें तथा समाज में भी कानूनी जागरूकता फैलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. ज्योति बूरा ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. विकास चौधरी, डॉ संतोष कुमारी, डॉ अंजू, डॉ अनीता, डॉ सीमा, डॉ कैलाशवती आदि उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन पोर्टल पर हांसी हुआ अपडेट

- फैमिली आईडी में लिखा जाएगा हांसी जिला
- लोगों की दूर होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हांसी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 16 दिसंबर को प्रदेश का 23 वां जिला घोषित किए जाने के बाद अब इसे सरकारी ऑनलाइन पोर्टल पर भी अपडेट कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, फैमिली आईडी, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य सरकारी दस्तावेजों में अब 'जिला हिसार' के स्थान पर 'जिला हांसी' दर्ज होना शुरू हो गया है। यह जानकारी देते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि हांसी को अलग जिला घोषित किए जाने के बाद विभिन्न सरकारी पोर्टलों पर तकनीकी अपडेट का कार्य चल रहा था। अब अधिकांश पोर्टलों पर यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

#### मैरिज सर्टिफिकेट के पोर्टल अपडेट होना अभी बाकी

एसडीएम खोथ ने बताया कि हांसी जिला क्षेत्र के लोगों के फैमिली आईडी, रेजिडेंस सर्टिफिकेट, जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज अब हांसी जिले के नाम से बनने लगे हैं। उन्होंने बताया कि मैरिज सर्टिफिकेट के पोर्टल को अपडेट होने में अभी एक-दो दिन का समय और लग सकता है, जिसके बाद यह सेवा भी पूरी तरह से हांसी जिले के नाम से शुरू हो जाएगी।

#### दस्तावेजों में अभी भी हिसार प्रदर्शित

एसडीएम ने बताया कि पोर्टल अपडेट होने से पहले लोगों को प्रमाण पत्र बनवाने में कई दिनों से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था और कई दस्तावेजों में अभी भी 'जिला हिसार' ही प्रदर्शित हो रहा था, जिससे आवेदनों में तकनीकी समस्याएं आ रही थी। लेकिन अब यह समस्या दूर हो गई है और अब लोगों के दस्तावेज हांसी जिले के नाम से जारी किए जा रहे हैं।

# पर्यावरण संरक्षण पर देना होगा ध्यानः डॉ. अत्री

- गुजवि में 'जीव विज्ञान, खाद्य पर्यावरण तथा जैव प्रौद्योगिकी में सतत नवाचार' पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत सरकार के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के सदस्य डॉ. एसडी अत्री ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को वास्तव में विकसित करना है तो केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि शुद्ध हवा, पानी, भोजन तथा स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना होगा। बेशक 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके बावजूद पर्यावरण के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ करना शेष है।



हिसार। संगोष्ठी का उद्घाटन करते मुख्यातिथि डॉ. एसडी अत्री, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

डॉ. एसडी अत्री गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, खाद्य तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी, प्राणी शास्त्र व वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शुरू हुई दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। 'जीव विज्ञान, खाद्य पर्यावरण तथा जैव प्रौद्योगिकी में सतत नवाचार' विषय पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। कॉन्फ्रेंस की संयोजिका प्रो. आशा गुप्ता तथा सह-संयोजक प्रो. अराधिता बी.रे. व प्रो. अनिल कुमार भी मंच पर उपस्थित रहे। डॉ. एसडी अत्री ने कहा कि पर्यावरण हर मानव की दिनचर्या को प्रभावित कर रहा है। वैश्विक स्तर पर पर्यावरणीय स्थिति चिंतनीय है। ग्लोबल वार्मिंग खतरनाक रूप से बढ़ रही है।

#### जलवायु चुनौतियों से निपटने को शोध जरूरी

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और दूषित वायु जैसी गंभीर चुनौतियों से गुजर रही है, ऐसे में शोधार्थियों के लिए इन चुनौतियों से निपटने के लिए शोध व नवाचार के नए द्वार भी खुले हैं। उन्होंने कहा कि गुरु जम्भेश्वर जी महाराज द्वारा स्थापित प्रकृति व पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने वाले 29 नियम केवल आध्यात्मिक नहीं हैं, बल्कि प्रकृति संरक्षण व जैव विविधता की सशक्त आवाज हैं।

# डीजे के गानों पर डांस के दौरान छत से गिरा रेलवे कर्मी, मौत

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया लेकिन शव को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रैफर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बरवाला क्षेत्र के गांव पंघाल में चचेरे भाई की घुड़चढ़ी के बाद परिजन व रिश्तेदार छत पर डीजे के सामने डांस कर रहे थे। इसी दौरान अंसतुलित होकर लगभग 39 वर्षीय अजय छत से गिरकर घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बरवाला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिले के नागरिक अस्पताल पहुंचाया लेकिन शव को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक अजय के चचेरे भाई विक्रम की गुरुवार रात ही शादी रखी गई। अजय की मौत के कारण शादी की खुशियां मातम में बदल गई। ग्रामीणों ने बताया कि अजय रेलवे में तैनात था और उसकी ड्यूटी बरवाला में थी। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार शाम को घुड़चढ़ी का कार्यक्रम हुआ। उसके बाद रात करीब 12 बजे घर के बाहर डीजे बज रहा था। सभी खुशी में डांस कर रहे थे। इसी दौरान अजय छत पर चला गया। थोड़ी देर के बाद बच्चों ने उसे नीचे जमीन पर पड़ा हुआ देखा और इस बारे में परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल हालत में उसे बरवाला के एक अस्पताल में लेकर गए। डॉक्टर ने वहां पर उसे मृत घोषित कर दिया।

# पहली बार देश में पूर्णतः डिजिटल होगी जनगणना 2027 : एसडीएम

- पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में जनगणना 2027 प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

लोकनिर्माण विश्रामगृह में गुरुवार को 2027 में होने वाली जनगणना को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जनगणना सर्वे शिविर में एसडीएम एवं जनगणना के लिए एडीएम राजेश खोथ को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि जिला में जनगणना से जनकल्याण की थीम पर पहली बार पूर्णतः डिजिटल प्रणाली से जनगणना-2027 का कार्य किया जाएगा। यह केवल आंकड़ों का संकलन नहीं बल्कि आगामी दशक की विकास नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत संरचना की रूपरेखा तय करने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। एसडीएम राजेश खोथ जनगणना को लेकर नियुक्त किए गए अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जनगणना विभाग के हरियाणा के उपनिदेशक प्रमोद कुमार मास्टर ट्रेनर रमा तथा जनगणना जिला समन्वयक अरुण कुमार नेगी भी उपस्थित रहे।



हांसी। पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में आयोजित जनगणना 2027 प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों को संबोधित करते एसडीएम राजेश खोथ।



हिसार। ठीक करवाई गई सड़क। फोटो :हरिभूमि

### सड़क निर्माण में खामियों पर निगम की टेढ़ी नजर

**हिसार।** सड़क निर्माण में खामियां पर नगर निगम प्रशासन ने संबंधित एजेंसियों पर टेढ़ी नजर कर ली है। जहां भी सड़क के निर्माण में क्षेत्रवासियों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं, वहां पर निगम अधिकारियों द्वारा जांच कर उन्हें दुरूस्त करवाया जा रहा है। हालही में सेक्टर 16-17 में मकान नंबर 1 से 920 तक सड़क निर्माण का कार्य करवाया गया था, लेकिन क्षेत्रवासियों ने सड़क के लेवल तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए निगम अधिकारियों ने संबंधित एजेंसी को तलब कर सड़क को दुरूस्त करवाया गया। नगर निगम के कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी ने बताया कि सड़क के लेवल ठीक न होने की, पानी निकासी के लिए जीटी न लगाए जाने और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में कमी की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद निगम अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान खामियां मिलने पर संबंधित एजेंसी को तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए। इसके बाद सड़क का लेवल ठीक किया गया, पानी निकासी के लिए जीटी लगाई गई और उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग करते हुए दोबारा सड़क का निर्माण कराया गया।



हांसी। स्कूली छात्राओं को साइकिल सेंट करती एसबीआई शाखा प्रबंधक प्रियंका साहू व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं को भेंट की साइकिलें व सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन

**हांसी।** ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों की शिक्षा और स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक शाखा भाटला ने सराहनीय पहल की। बैंक की ओर से सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाटला में छात्राओं को साइकिलें भेंट की गईं। इसके साथ ही छात्राओं की सुविधा के लिए सेनेटरी पैड और सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन भी उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक प्रियंका साहू ने कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज की प्रगति की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि कई बार ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल की दूरी और सुविधाओं की कमी के कारण छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती है। ऐसे में साइकिल मिलने से छात्राएं नियमित रूप से स्कूल पहुंच सकेंगी और अपने सपनों को नई उड़ान दे सकेंगी।

लाभकारी एवं जल-सुरक्षित-कृषि परिदृश्य के लिए हकृवि में हुई अंतरराष्ट्रीय गोलमेज बैठक

# जल संरक्षण आधारित कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना जरूरीः प्रो. काम्बोज

**जल संसाधनों के संरक्षण के साथ कृषि को और अधिक लाभकारी बनाने के उपायों पर किया मंथन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'उत्तर-पश्चिम भारत में लाभकारी एवं जल-सुरक्षित कृषि परिदृश्यों की ओर संक्रमण को समर्थन देने के सिद्धांत' विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गोलमेज बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के वैज्ञानिकों, नीति विशेषज्ञों तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। क्षेत्र में जल संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ कृषि को और अधिक लाभकारी बनाने के उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज बैठक में मुख्य अतिथि रहे जबकि अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान केन्द्र से डॉ. सुधांशु सिंह ने अध्यक्षता की। अंतरराष्ट्रीय गोलमेज बैठक का आयोजन अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान केन्द्र व हकृवि द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस बैठक में विशेषज्ञों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर उपरोक्त विषय पर पॉलिसी पेपर तैयार किया जाएगा। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत विशेषकर हरियाणा और पंजाब देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन लगातार गिरता भूजल स्तर भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है।



हिसार। बैठक को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

#### विशेषज्ञों ने विभिन्न पहलुओं पर रखे विचार

डॉ. राजबीर गर्ग ने बैठक में दौरान विशेषज्ञों ने हरियाणा और पंजाब में जलस्तर एवं लाभकारी कृषि परिदृश्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। हरियाणा के संदर्भ में उन्होंने भूजल संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों के उपयोग और वैकल्पिक फसल प्रणाली अपनाने की आवश्यकता पर चर्चा की, जबकि डॉ. बुट्टा सिंह ने पंजाब के अनुभवों के आधार पर कृषि प्रणाली में सुधार के संभावित उपायों पर प्रकाश डाला।

#### यह रहे उपस्थित

बैठक में अंतरराष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान से फैज आलम, केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. आरके यादव, हरियाणा जल संसाधन प्राधीकरण से मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सतबीर सिंह कादियान सहित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा तथा पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

#### क्रॉपिंग सिस्टम में बदलाव के मौकों पर जोर

डॉ. आरके मलिक ने हरियाणा के अलग-अलग एग्रोक्लाइमैटिक जोन में क्रॉपिंग सिस्टम में बदलाव के मौकों पर जोर दिया। डॉ. सुधांशु ने मॉडर्न सिंचाई इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, हाइड्रोलॉजिकल साइंस और इंटीग्रेटेड पॉलिसी फोकस पर अपने विचार रखे। डॉ. एंटोन ने पानी की मामूली बचत से बाहर निकलने और बड़े स्तर पर फोकस करने की ज़रूरत है। डॉ. वीरेन्द्र ने लाभकारी एवं जल सुरक्षित फसल प्रणाली विकसित करने के लिए डेटा-ड्रिवन लर्निंग पर जोर दिया।